JAGRAN CITY PAGE III

22 केंद्रों पर होंगी बीबीए, बीसीए परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने देर रात जारी की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा केंद्रों की सूची

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सात अप्रैल से शुरू होने वाली बीबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची सोमवार देर रात जारी कर दी। बीबीए और बीसीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए लखनऊ सहित अन्य जिलों में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दी गई है। हालांकि, प्रवेश पत्र देर रात तक वेबसाइट पर अपलोड नहीं हो सके।

विवि ने 31 मार्च को बीबीए, बीसीए आइबी, बीबीए एलएस प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स और नए कोर्स जो परीक्षाओं का आयोजन जारी किया था। ये परीक्षाएं सात से 22 अप्रैल तक होंगी। वहीं, बीसीए की परीक्षाएं 11 अप्रैल से प्रस्तावित हैं। अब बीबीए की परीक्षा के दो दिन पहले देर रात में सूची जारी की गई है। इसमें करीब 43 कालेजों के विद्यार्थियों का सेंटर आवंटित किया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि प्रवेश पत्र भी वेबसाइट पर जारी किए जा रहे हैं।

ये हैं परीक्षा केंद्र: सुशील वर्मा मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज लखीमपुर खीरी, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर सीतापुर रोड, गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज नारायण, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कालेज सरोजनीनगर, श्रीजय नारायण मिश्र डिग्री कालेज चारबाग, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज इंदिरा नगर, जिया पीजी कालेज सीतापुर रोड, कालीचरण पीजी कालेज, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमतीनगर, बीर इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस सीतापुर रोड, सरदार भगत सिंह कालेज आफ हायर एजुकेशन काकोरी, टीएसएफ महिला महाविद्यालय चौकोटी, रामा डिग्री कालेज चिनहट, अर्जुनसिंह विद्या मंदिर लखनऊ, रजा वूमेंस कालेज आफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट फैजाबाद रोड, टेक्नो इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज फैजाबाद रोड, भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कालेज गोमती नगर, श्री म्हेश प्रसाद गर्ल्स कालेज मोहनलालगंज, फिरोजगांधी कालेज रायबरेली, डीडीयू राजकीय पीजी कालेज सीतापुर, आत्मभर्मी पीजी कालेज सीतापुर।

केकेसी : नए सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही नई महाविद्यालयों में भी दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन पांच अप्रैल से शुरू होंगे। आचार्य कालेज की वेबसाइट www.jnpg.org.in के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

कॉलेज की प्राचार्य डा. गीता साह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत मेजर और माइनर विषयों के हिसाब से सीटों को विभाजित किया गया है। पूर्णशिक्षण ब्लाक में इसका पूरा विवरण दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों को आनलाइन आवेदन करने संबंधी समस्या न हो। आवेदन के लिए 600 रुपये शुल्क है। स्नातक व परास्नातक की करीब 3,910 सीटों पर दाखिले मेरिट के आधार पर लिए जाएंगे। इसमें स्पोर्ट्स और सेल्फ फाइनेंस की सीटें भी शामिल हैं।

प्रवेश पीजी कालेज में 15 अप्रैल से : विद्यार्थी हिन्दू पीजी कालेज में आवेदन की प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू करने की तैयारी है। प्राचार्य प्रो. धर्म कौर ने बताया कि आनलाइन और आफलाइन आवेदन की सुविधा रहेगी। इसके निर्देश तैयार कराए जा रहे हैं। जल्द ही वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

पाठ्यक्रमवार सीटों का विवरण

बीए 880 रेगुलर, 200 सेल्फ फाइनेंस, बीकाम 880 रेगुलर, 200 सेल्फ फाइनेंस, बीएससी मैथ, सीएस, स्टैटिस्टिक्स 420 सीटें रेगुलर होंगी। इसके अलावा बीएससी बायो में 420, एलएलबी 320, फैशन डिजाइन, बीबीए आइबी, एमकाम कामर्स, एम काम एलएलबी इकोनामिक्स में 60-60, एमएससी फिजिक्स, एमएससी कैमेस्ट्री, एमएससी बटनी में 30-30 सीटें, एमए इकोनामिक्स, एमए साइकोलाजी, एमए इंग्लिश में 50-50 सीटें, एमए हिंदी में 50 व बीवीएड में 50 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे।

i-NEXT PAGE 2

10वें सेमेस्टर में इंटर्नशिप अनिवार्य

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एलएलबी के नए सिलेबस में किया प्राविधान

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (4 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने लॉ की पढ़ाई में इंटर्नशिप और लीगल एड कैंप करना अनिवार्य कर इसे वर्तमान सत्र से लागू भी कर दिया है. लॉ संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने सोमवार को संबद्ध कॉलेजों को इसकी जानकारी दी. संबद्ध लॉ कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक सोमवार को लॉ संकाय में हुई. इसकी अध्यक्षता डीन प्रो. सीपी सिंह ने की. इस बैठक में उन्हीं प्राचार्यों को बुलाया गया, जिनके यहां एलएलबी पंचवर्षीय कोर्स का दसवां सेमेस्टर चल रहा है. अब 10वें सेमेस्टर की पढ़ाई में स्टूडेंट्स को लॉ फर्मों में अथवा न्यायालयों में इंटर्नशिप के लिए भेजना अनिवार्य है. बिना इसके 10वां सेमेस्टर पूरा नहीं माना जाएगा.

कॉलेजों को सबमिट करें

अब स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप की रिपोर्ट बनाकर कॉलेजों में सबमिट करनी होगी. वहीं लीगल सर्विस अथॉरिटी के सहयोग से कॉलेजों का गांव में लीगल एड कैंप लगवाना होगा. जिसमें गांव के लोगों को लीगल एजुकेशन के बारे में प्रशिक्षित किया जा सके. 10 वीं सेमेस्टर के हर छात्र को इंटर्नशिप करना और लीगल एड कैंप में भाग लेना अनिवार्य होगा. इस दौरान एलएलबी फाइव इयर कोर्स की कोआर्डिनेटर प्रो. विनीता कोचर, डिप्टी कोआर्डिनेटर डी. अभिषेक तिवारी, डॉ. आलोक कुमार यादव आदि भी मौजूद रहे.

एग्जाम के बीच बदला गया पेपर

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (4 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी के जारी यूजी फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम से पूर्व को-करिकुलम विषयों के प्रश्नपत्र में बदलाव हुआ है. अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज अग्रवाल ने परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिख यूजी के करिकुलम विषय में छात्रों ने जो विषय पढ़ा है उसी की परीक्षा लेने की मांग की है. इसके बाद कम्यूनिकेशन स्किल्स या लीडरशिप एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की जगह फाइनेंस लिटरेसी पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए फाइनेंस लिटरेसी बैंकिंग का ही प्रश्नपत्र कराए जाने पर मोहर लग गई है. यूजी फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाओं में सबसे ज्यादा समस्या को-करिकुलम विषय को लेकर है. सबसे ज्यादा चयन कम्यूनिकेशन स्किल्स विषय का किया गया है लेकिन कई डिग्री कॉलेजों में इससे सम्बंधित कोई पढ़ाई नहीं हुई. परीक्षा कार्यक्रम जारी होने के बाद कॉलेज प्रशासन की ओर से पांच पन्ने नोट्स छात्रों को देकर कहा गया इन नोट्स से परीक्षा तैयारी करें.

CONCEPT PIC

ऐसे हुई थी समस्या

ये समस्या तब शुरू हुई जब यूजी में एनईपी लागू होने के बाद को-करिकुलम विषय का चयन किया जाने लगा. बीए, बीएससी, बीकॉम के अधिकांश स्टूडेंट्स ने कम्यूनिकेशन स्किल्स या लीडरशिप एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय लिया. यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग में इन विषयों के स्थान पर फाइनेंस लिरटेसी विषय की पढ़ाई करायी जाती रही. विभागाध्यक्ष का कहना था कि हमारे यहां फाइनेंस लिटरेसी कोर्स ही स्वीकृत है इसलिए उसी की पढ़ाई की गई. अब परीक्षा सिर पर आने के बाद स्टूडेंट्स परेशान होने लगे थे कि उनके परीक्षा फार्म पर कम्यूनिकेशन स्किल्स विषय चढ़ा हुआ है और पढ़ाई उन्होंने फाइनेंस लिटरेसी बैंकिंग विषय की है. परीक्षा नियंत्रक ने पहले साफ कर दिया था कि परीक्षा उसी विषय की होगी.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

दसवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप जरूरी

लविवि के विधि विभाग ने संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक में दी जानकारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने एक सकारात्मक पहल की है, जिसका उद्देश्य कॉलेजों की समस्याओं का समाधान व उनका मार्गदर्शन करना है। इस क्रम में सोमवार को डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह के कक्ष में एलएलबी पांचवर्षीय पाठ्यक्रम चलाने वाले संबद्ध महाविद्यालयों की बैठक हुई।

इसमें सभी विधि महाविद्यालयों के प्राचार्यों को बताया गया कि अपने-अपने कालेजों के 10वें सेमेस्टर के छात्रों को लॉ फर्मों या न्यायालयों में इंटर्नशिप करने के लिए भेजना अनिवार्य है। उनको यह भी बताया गया कि इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को यह भी कहें कि इंटर्नशिप की रिपोर्ट बनाकर कॉलेजों में सब्मिट करें। लीगल सर्विस अथॉरिटी के सहयोग से कॉलेजों का गांव में लीगल एड कैंप लगाकर गांव के लोगों को लीगल एजुकेशन के बारे में प्रशिक्षित करें। उन्होंने यह भी बताया कि गांव में लोगों के बीच कोई विवाद है या कोई समस्या है तो उनके निस्तारण में सहयोग दें। 10 वीं सेमेस्टर के प्रत्येक छात्र को इंटर्नशिप करना और लीगल एड कैंप में भाग लेना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर पाठ्यक्रम कोऑर्डिनेटर प्रो. विनीता कोचर, डिप्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. अभिषेक तिवारी और डॉ. आलोक कुमार यादव उपस्थित थे। प्रो. विनीता कोचर ने इंटर्नशिप और लीगल एड कैंप कैसे कराएं, कहां करें और कब कराएं के बारे में जानकारी दी।

बनीं स्टूडेंट कमेटियां

लविवि के विधि संकाय ने छात्रों की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी है, ताकि छात्रों और संकाय के बीच भी संबंध बेहतर हो सके। डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि संकाय में टीचिंग कमेटी, सेमिनार कमेटी, लेक्चर कमेटी, जर्नल पब्लिकेशन कमेटी, एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी, लीगल डिबेट कमेटी, वर्कशॉप कमेटी का गठन किया गया है। इसमें एक शिक्षक, एक शोधार्थी व मेधावी छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है। ये कमेटियां शिक्षण कार्य में सहयोग करेंगी। साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाएंगी। इन कमेटियों की देखरेख के लिए स्टूडेंट डीन के रूप में इंद्र दमन तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में भी कुछ कमेटियां विभाग में सफल रूप से काम कर रही हैं।

प्रवेश और पढ़ाई के लिए कर्ज में लविवि करेगा मदद

लखनऊ। लविवि ने नए सत्र 2022-23 में स्नातक प्रवेश की आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश व पढ़ाई के लिए फीस के लिए अभ्यर्थियों को लोन की सुविधा दिलाने में भी विवि प्रशासन मदद करेगा। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। विवि प्रशासन के अनुसार विद्यार्थियों को बैंक से आसानी से लोन लेने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कार्यालय से संपर्क करना होगा। छात्र डीएसडब्ल्यू कार्यालय में भौतिक रूप से उपस्थित होकर या विवि द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर लोन संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यहां विद्यार्थियों की मदद के लिए पूरी एक टीम लगाई गई है जो सुबह 10 से शाम 06 बजे तक सहयोग करेगी। विवि प्रशासन ने कहा कि अभ्यर्थी लविवि का एप डाउनलोड करके भी आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विवि की प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। आवेदन से काउंसिलिंग तक सब ऑनलाइन ही होना है।

हेल्पलाइन नंबर जारी, डीएसडब्ल्यू ऑफिस में भी कर सकेंगे संपर्क

लविवि : परीक्षा से तीन दिन पहले जारी किया केंद्र

लखनऊ। लविवि प्रशासन की लापरवाही परीक्षार्थियों पर भारी पड़ रही है। परीक्षा सिर पर आने तक न तो केंद्रों के बारे में स्थिति स्पष्ट होती है, न ही परीक्षा कार्यक्रम और न ही प्रवेश पत्र को लेकर। इसकी बानगी एक बार फिर सात अप्रैल से शुरू हो रही बीबीए-बीसीए की परीक्षाओं में देखने को मिली है। परीक्षा सात अप्रैल से प्रस्तावित है और अभी तक सेंटर तय नहीं किए गए। इसके बारे में जब विवि प्रशासन से संपर्क किया गया तो देर रात सेंटर जारी कर दी गई, लेकिन इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया जा सका। इससे विद्यार्थियों को इसके बारे में जानकारी नहीं मिल सकी कि उनको कहां परीक्षा देनी है। परीक्षा केंद्र न निर्धारित होने के कारण विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र भी नहीं जारी हो सके। इससे वे परेशान भटकते रहे। देर रात जारी सूचना के अनुसार बीबीए व बीएससी की पहले सेमेस्टर की लखनऊ समेत लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर में 21 केंद्रों पर होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

वह भी वेबसाइट पर अपलोड नहीं, विद्यार्थी परेशान

10वें सेमेस्टर में इंटर्नशिप अनिवार्य

एलएलबी पांच वर्षीय

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के 10वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को लॉ फर्मों या न्यायालयों में इंटर्नशिप करने के लिए अनिवार्य रूप से भेजें। इंटर्नशिप की रिपोर्ट बनाकर कालेज में जमा भी करें।

विश्वविद्यालय में सोमवार को दोपहर तीन बजे विधि महाविद्यालयों की बैठक बुलाई गई। करीब 12 कालेज के प्राचार्य इसमें शामिल हुए। डीन विधि संकाय प्रो. सीपी सिंह के मुताबिक, प्राचार्यों का कहना रहा है कि विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप के साथ लीगल एड कैंप भी अनिवार्य है। इसलिए विद्यार्थी लीगल सर्विस अथारिटी के सहयोग से गांव में इस कैंप को लगाएं। गांव के लोगों को लीगल एजुकेशन के बारे में प्रशिक्षित करें। उनके बीच कोई विवाद या समस्याएं हैं तो उनके निस्तारण में सहयोग दें। 10वीं सेमेस्टर के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए इंटर्नशिप करना और लीगल एड कैंप में भाग लेना अनिवार्य होगा। बैठक में एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम की कोआर्डिनेटर प्रो. विनीता कोचर, डिप्टी कोआर्डिनेटर डा. अभिषेक तिवारी और डा. आलोक कुमार यादव भी उपस्थित थे।

विधि के छात्र-छात्राएं सीखेंगे प्रशासनिक कार्य के तरीके

लविवि के विधि के छात्र-छात्राएं अब प्रशासनिक कार्य के तरीके सीखेंगे। इसके लिए विवि मुख्यालय व विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी विद्यार्थियों, सीएटी शोधार्थियों की कमेटी बना दी गई है। शुरुआत छह अप्रैल से होगी। विभिन्नकार्य के डीन प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को एडमिनिस्ट्रेशन के गुर सिखाने के लिए यह कदम उठाया गया है। कमेटी में शामिल विद्यार्थी देखेंगे कि संकाय सम्बन्ध से लग रहीं हैं या नहीं। साथ-साथ हुई या नहीं। कर्मचारी संबंध से कार्यालय पहुंचाने हैं? विद्यार्थियों के लिए पानी की व्यवस्था से लेकर कई चीजों की मनीटरिंग करेंगे। साथ ही, इसकी रिपोर्ट डीन को देंगे। इसके अलावा इस कमेटियों का कार्य शिक्षण कार्य में सहयोग करना, विभिन्न विषयों पर सेमिनार और व्याख्यान आयोजित कराना, जर्नल प्रकाशित कराना व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं को आयोजित कराना होगा। उन्होंने बताया कि कमेटियों में 15 शोधार्थी व अन्य सभी छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इन कमेटियों की देखरेख के लिए स्टूडेंट डीन के रूप में शोधार्थी इंद्र दमन तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है।

दैनिक जीवन की समस्याओं पर शोधार्थी देंगे इनोवेटिव आइडिया

लखनऊ विश्वविद्यालय ज्ञान लोगों के दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान के लिए विद्यार्थियों को इनोवेटिव आइडिया देने व उस पर काम करने का मौका देगा। इसके लिए विश्वविद्यालय अंतरिक्ष स्मार्ट इंडिया हैकथान-2022 का आयोजन करेगा। वनविभ टीमों को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले हैकथान में शामिल होने का मौका मिलेगा। विश्वविद्यालय में हैकथान के आयोजक डा. बुनेश मिश्रा ने बताया कि अंतरिक्ष हैकथान में शामिल होने के लिए परिसर का कोई भी छात्र-छात्रा या छात्र समूह शामिल हो सकता है। उन्हें आठ अप्रैल तक पंजीकरण कराना होगा।

PIONEER PAGE 3

एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स की पढ़ाई में अब इंटर्नशिप और लीगल एड कैंप अनिवार्य

लखनऊ। लखनऊ विवि व सहयुक्त लॉ कालेजों से एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए इंटर्नशिप और लीगल एड कैंप करना अनिवार्य कर दिया है। इस व्यवस्था को वर्तमान शैक्षिक सत्र से लागू भी कर दिया गया है। इस बावत सोमवार को विधि कालेजों के साथ बैठक में विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने प्राचार्यों को जानकारी दी है। बैठक में 12 विधि महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित हुए। विवि से सहयुक्त लॉ कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक उन्हीं प्राचार्यों को बुलाया गया था, जिनके यहां एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम का दसवां सेमेस्टर चल रहा है। प्रो. सीपी सिंह ने सभी प्राचार्यों को नए सिलबेस की जानकारी देते हुए बताया कि 10वें सेमेस्टर की पढ़ाई में छात्रों को ला फर्मों में अथवा न्यायालयों में इंटर्नशिप करने के लिए भेजना अनिवार्य है। बिना इसके 10वां सेमेस्टर पूरा नहीं माना जाएगा।

इस अवसर पर एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम की कोआर्डिनेटर प्रो. विनीता कोचर और डिप्टी कोआर्डिनेटर डॉ. अभिषेक तिवारी और डॉ.आलोक कुमार यादव भी उपस्थित थे। प्रो. विनीता कोचर ने इंटर्नशिप और लीगल एड कैंप कैसे कराएं, कहां करें और कब कराएं के बारे में अपने विचार रखे।

AMRIT VICHAR PAGE 3

लॉ की पढ़ाई में इंटर्नशिप व कैंप करना अनिवार्य

अमृत विचार, लखनऊ

विश्वविद्यालय ने अपने यहां लॉ की पढ़ाई में इंटर्नशिप और लीगल एड कैंप करना अनिवार्य कर दिया है। इस व्यवस्था को वर्तमान शैक्षिक सत्र से लागू भी कर दिया गया है। विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने सोमवार को सम्बद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को इसकी जानकारी दी।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध लॉ कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक सोमवार को विधि संकाय में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता डीन प्रो. सीपी सिंह ने की। इसमें उन्हीं प्राचार्यों को बुलाया गया था, जिनके यहां एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम का 10वां सेमेस्टर चल रहा है। इसमें लिहाजा इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को यह भी निर्देशित करें कि वह इंटर्नशिप की रिपोर्ट बनाकर अपने अपने कालेजों में सबमिट करें और लीगल सर्विस अथॉरिटी के सहयोग से अपने अपने कॉलेजों का गांव में लीगल एड कैंप लगाएं। इसमें गांव के लोगों को लीगल एजुकेशन के बारे में प्रशिक्षित करें और उनके बीच कोई विवाद है या कोई समस्याएं हैं तो, उनके निस्तारण में सहयोग दें। उन्होंने बताया कि 10 वीं सेमेस्टर के प्रत्येक छात्र को इंटर्नशिप करना और लीगल एड कैंप में भाग लेना अनिवार्य होगा।

12 विधि महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित हुए। प्रो. सीपी सिंह ने सभी प्राचार्यों को नए सिलबेस की जानकारी देते हुए बताया कि 10वें सेमेस्टर की पढ़ाई में छात्रों को ला फर्मों में अथवा न्यायालयों में इंटर्नशिप करने के लिए भेजना अनिवार्य है। बिना इसके 10वां सेमेस्टर पूरा नहीं माना जाएगा।

लिहाजा, इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को यह भी निर्देशित करें कि वह इंटर्नशिप की रिपोर्ट बनाकर अपने अपने कालेजों में सबमिट करें और लीगल सर्विस अथॉरिटी के सहयोग से अपने अपने कॉलेजों का गांव में लीगल एड कैंप लगाएं। इसमें गांव के लोगों को लीगल एजुकेशन के बारे में प्रशिक्षित करें और उनके बीच कोई विवाद है या कोई समस्याएं हैं तो उनके निस्तारण में सहयोग दें। उन्होंने बताया कि 10 वीं सेमेस्टर के प्रत्येक छात्र को इंटर्नशिप करना और लीगल एड कैंप में भाग लेना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम की कोऑर्डिनेटर प्रो. विनीता कोचर और डिप्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. अभिषेक तिवारी और डॉ.आलोक कुमार यादव भी उपस्थित थे। प्रो. विनीता कोचर ने इंटर्नशिप और लीगल एड कैंप कैसे कराएं, कहां करें और कब कराएं के बारे में विचार रखे।

HINDUSTAN PAGE 6

एलएलबी: छात्रों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य

लखनऊ। एलयू से सम्बद्ध विधि महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक सोमवार को हुई। बैठक में ऐसे 12 विधि महाविद्यालय के प्राचार्य शामिल हुए जिनके यहां एलएलबी पंचवर्षीय का दसवां सेमेस्टर चल रहा है। विधि संकायाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने10 वीं सेमेस्टर के छात्रों को इंटर्नशिप के लिए भेजना अनिवार्य है।

छात्रों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए मिलेगा दायित्व

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के मेधावी छात्रों को अब अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। संकाय के छात्रों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया जाएगा। जानकारी के अनुसार इसके लिए मेधावी छात्रों को भी कमेटी से जोड़ा जाएगा।

एलयू: 12 को स्मार्ट इंडिया हैकथॉन प्रतियोगिता

लखनऊ। एलयू तकनीकी समस्या को निपटने के लिए स्वयं का हैकथॉन बनाएगा। विवि हैकथॉन प्रतियोगिता कराकर 10 टीमों का चयन करेगा, जो अपने विचारों के साथ स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में भाग लेंगी। पंजीकरण की अन्तिम तिथि आठ अप्रैल है और हैकथान 12 अप्रैल को होगा।

NBT PAGE 3

ऐडमिशन में दिक्कत हो तो मिलाएं फोन

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शैक्षिक सत्र 2022-23 के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवक्ता प्रो दुर्गेश कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए फोन नंबर जारी किए गए हैं। छात्रों के लिए 0522-4150500 और तीन मोबाइल 7897999211, 7897992064, 7897992062भी जारी किए गए हैं। प्रवेश संबंधित सभी काम के लिए अभ्यर्थी एलयू का ऐप डाउनलोड करके कर सकते हैं।

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

LU to organise hackathon on April 12

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: The University of Lucknow will organise an internal hackathon on April 12 to get software/ hardware solutions on innovative ideas for common people's daily life problems.

The winners of the event to be organised by dean students' welfare's office will participate in the national level Smart India Hackathon (SIH)-2022, according to LU press release.

The last date for registration is April 8 and those willing can do so at the link https://forms.gle/U9EArnJ8T3TAr-Hob8.

The hackathon will be held between 11.00 am and 5.00 pm

Participants will enhance their IT abilities, meet new people and collaborate with others in their area.

Corporate hackathons encourage employees to think out of the box, create teamwork and provide possibilities for cross-departmental collaboration, according to the release.

The motive is to have the best of the ideas and its implementors participate and win. The internal hackathon is open for university and college students in the form of the teams.

The purpose of the internal hackathon is to select 10 best teams that can further participate in SIH-2022. The problem statements can be chosen from the existing SIH-2022 problem statements under given themes.

The event is open for such students also who are willing to work on some novel ideas. The problem statements along with its solutions will be presented by the team members in front of the expert jury members.

TRUE TIMES PAGE 1

विधि महाविद्यालयों को लीगल एड कैंप और इंटर्नशिप कराने का निर्देश

ट्रू टाइम्स संवाददाता

प्रोफेसर चंद्रप्रकाश सिंह अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष विधि संकाय लखनऊ विश्वविद्यालय ने बताया कि सोमवार को विधि संकाय के अधिष्ठाता के कक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध ऐसे विधि महाविद्यालय जिनके यहां एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम का दसवां सेमेस्टर चल रहा है, के प्राचार्य गणों की एक मीटिंग 3:00 बजे बुलाई गई थी जिसमें 12 विधि महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित हुए सभी विधि महाविद्यालयों की प्राचार्य गणों को अपने अपने कालेजों के 10 वीं सेमेस्टर के छात्रों को ला फर्मों में अथवा न्यायालयों में इंटर्नशिप करने के लिए भेजना अनिवार्य बताया गया उनसे यह भी कहा गया कि वह इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को यह भी निर्देशित करें कि वह इंटर्नशिप की रिपोर्ट बनाकर अपने कालेजों में सबमिट करें और लीगल सर्विस अथॉरिटी के सहयोग से अपने अपने कॉलेजों का गांव में लीगल एड कैंप लगाएं जिसमें गांव के लोगों को लीगल एजुकेशन के बारे में प्रशिक्षित करें तथा उनके बीच कोई विवाद है या कोई समस्याएं हैं तो उनके निस्तारण में सहयोग दें। 10 वीं सेमेस्टर के प्रत्येक छात्र को इंटर्नशिप करना और लीगल एड कैंप में भाग लेना अनिवार्य होगा इस अवसर पर एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम की कोआर्डिनेटर प्रोफेसर विनीता कोचर और डिप्टी कोआर्डिनेटर डॉक्टर अभिषेक तिवारी और डॉक्टर आलोक कुमार यादव भी उपस्थित थे प्रोफेसर विनीता कोचर ने इंटर्नशिप और लीगल एड कैंप कैसे कराएं कहां करें और कब कराएं के बारे में अपने विचार रखे।